## संजू और राहुल की टक्कर, राजस्थान रॉयल्स से टकराएंगे पंजाब के किंग्स



पंजाब की कमजोर गेंदबाजी

रॉयल्स के लिए अच्छी बात पंजाब की कमजोर गेंदबाजी है जिसमें शमी को छोड़कर ज्यादा अनुभवी गेंदबाज नहीं हैं। आदिल रशीद या रवि बिश्नोई पर स्पिन का दारोमदार रहेगा। तेज गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह उतने मजबूत नहीं लग रहे। रॉयल्स टीम में तीसरे और चौथे विदेशी खिलाड़ी के रूप में क्रिस मौरिस, डेविड मिलर और दुनिया के नंबर एक टी–20 स्पिनर तबरेज शम्सी में से चयन किया जाएगा।

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को जब आमने–सामने होंगी तो यह मुकाबला लियाम लिविंगस्टोन और एविन लुईस की आक्रामक बल्लेबाजी और क्रिस गेल की ताकत तथा केएल राहुल के हुनर के बीच होगा। आईपीएल की ये दोनों टीमें अभी तक अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सकीं है। आईपीएल के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक कप्तान केएल राहुल को यहां बल्लेबाजी के ही नहीं बल्कि कोच अनिल कुंबले के मार्गदर्शन में कप्तानी के भी जौहर दिखाने होंगे। कुंबले भी बतौर कोच अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे। इस मैच में शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर बहुत कुछ दारोमदार होगा। लिविंगस्टोन टी–20 क्रिकेट के सितारे साबित हुए हैं और हाल ही में उन्होंने 'द हंड्रेड' में शानदार प्रदर्शन किया है। वह वेस्टइंडीज के लुईस के साथ पारी का आगाज कर सकते हैं जो भारतीय टीम के लिये अक्सर सिरदर्द साबित होते आए हैं। गेंदबाजी में मोहम्मद शमी के साथ क्रिस जोर्डन या नाथन एलिस होंगे।

# अनुभवी हरमनप्रीत पहले वनडे से बाहर

क्रिकेट

### हरमनप्रीत की जगह यास्तिका भाटिया का अंतिम एकादश में मिल सकता है मौका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मैके। भारतीय महिला क्रिकेट टीम अगले साल होने वाले विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार को यहां एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले में उतरेगी तो उसके सामने सही टीम संयोजन बनाने की चुनौती के साथ विश्व स्तरीय गेंदबाजों के खिलाफ मध्यक्रम की बल्लेबाजी को परखने का मौका होगा।

भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला गंवा कर यहां पहुंची है। इन दोनों श्रृंखलाओं में सलामी बल्लेबाजों कप्तान मिताली राज के अलावा किसी के प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रही। इन बल्लेबाजों का स्ट्राइक रेट भी चिंता का सबब है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम को और कड़ी चुनौती मिलेगी क्योंकि उनकी टीम ने रिकॉर्ड लगातार 22 जीत के साथ इस श्रृंखला में उतरेगी। भारतीय टीम को अनुभवी



हरमनप्रीत कौर का साथ नहीं मिलेगा। इस दौरे पर अभ्यास मैच से पहले उनका अंगूठा चोटिल हो गया था, जिससे वह अब तक नहीं उबरी है। भारत के मुख्य कोच रमेश पवार ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'दुर्भाग्य से कुछ दिन पहले उनके अंगूठे में चोट लग गई और वह पहले मैच के लिए उपलब्ध नहीं हैं। टीम की बाकी सदस्य कल के लिए फिट और उपलब्ध हैं।' बल्लेबाजी में आक्रामकता की कमी भारतीय टीम की समस्या रही है और पवार ने बल्लेबाजों से स्ट्राइक रेट को लेकर बात की है। बल्लेबाजी के प्रदर्शन के आधार पर कप्तान मिताली राज तय करेंगी कि उन्हें तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करनी है या चौथे स्थान पर। हरमनप्रीत के चोटिल होने कारण वह मैच में बल्लेबाजी में गहराई और मजबूती देने के लिए चौथे स्थान पर उतर सकती है। टीम ने महसूस किया है कि शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की आक्रमक बल्लेबाजी के बाद पूनम राउत को रन गति को बनाये रखने में परेशानी का सामना करना पड़ता है ऐसे में 'द हंड्रेड' में शानदार प्रदर्शन करने वाली जेमिमा रोड्रिग्ज टीम में वापसी कर सकती है। वह तीसरे स्थान पर बल्लेबाजी कर सकती है। मध्यक्रम में दीप्ति शर्मा की धीमी बल्लेबाजी भी भारत के लिए परेशानी का सबब रहा है। अभ्यास मैच में भी उन्होंने नाबाद 49 रन की पारी के लिए 93 गेंदों का सामना किया। टीम हालांकि उनकी कसी हुई ऑफ स्पिन गेंदबाजी को नजरअंदाज नहीं कर सकती है।

# मुंबई इंडियंस के खिलाफ स्कूली क्रिकेटर की तरह दिखे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आईपीएल 2021 के यूएई लेग के पहले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ सीएसके टीम के धुरंधर बल्लेबाज सुरेश रैना रन बनाने के लिए संघर्ष करते दिखे। रैना की बल्लेबाजी के दौरान कमेंट्री करते हुए केविन पीटरसन ने अपने साथी कमेंटेटर से कहा था कि, आप इस वक्त से रैना से ज्यादा बेहतर हैं। इस मैच में अपनी पारी के दौरान रैना मुंबई के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट के खिलाफ संघर्ष करते नजर आए थे। उम्मीद जताई जा रही थी की रैना पहले ही मैच से अच्छा प्रदर्शन करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और वो पावर–प्ले के दौरान ही बोल्ट का शिकार हो गए थे।




रैना की बल्लेबाजी के बारे में डेल स्टेन ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो पर बात करते हुए केविन पीटरसन की बातों का समर्थन किया। रैना ने इस मैच की पहली पारी के तीसरे ओवर में ही अपना विकेट गंवा दिया था और चार रन पर आउट हो गए थे। स्टेन ने कहा कि वो ऐसा कुछ नहीं चाहते थे। इस मैच के दौरान एक प्वाइंट पर रैना स्कूली क्रिकेटर की तरह नजर आ रहे थे। मुझे उन्हें देखकर विश्वास नहीं हो रहा था कि वो एक इंटरनेशनल प्लेयर हैं और वो क्या कर रहे थे। ये काफी शर्मनाक था कि उन्होंने अपना बल्ला तोड़ दिया और आउट हो गए।

सुरेश रैना सीएसके के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं और इस लीग में रन बनाने के मामले में तीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 201 मैचों में 5495 रन बनाए हैं। मुंबई के खिलाफ इस मैच में टीम के ओपनर बल्लेबाज रितुराज गायकवाड़ ने नाबाद 88 रन की पारी खेलते हुए सीएसके के स्कोर को 156 तक पहुंचाया और बाद में टीम को 20 रन से जीत मिली। इस मैच में जीत के बाद सीएसके अंक तालिका में पहले नंबर पर पहुंच गई तो वहीं मुंबई चौथे नंबर पर बनी रही।

### अब रणजी, अंडर-19 खेलने वाले खिलाड़ियों को मिलेगा पहले से अधिक पैसा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली।। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने घरेलू खिलाड़ियों की सैलरी बढ़ाने का फैसला लिया है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर इसकी जानकारी दी। घरेलू क्रिकेट में जिन खिलाड़ियों ने 40 से अधिक मैच खेले हैं उनकी एक दिन की मैच फीस बढ़ाकर 60 हजार रुपये कर दी गई है। इससे पहले इन खिलाड़ियों को 35 हजार रुपये मिलते थे। इसका मतलब है कि भारतीय बोर्ड ने इन खिलाड़ियों की मैच फीस में 25 हजार की बढ़ोतरी की है। इसके अलावा अंडर–23 खिलाड़ियों को 25 हजार वहीं अंडर–19 खिलाड़ियों को 20 हजार रुपये दिए जाएंगे। जय शाह ने ट्वीट कर कहा कि 2019–20 के घरेलू सीजन में भाग लेने वाले क्रिकेटर्स को कोविड–19 महामारी के कारण स्थगित हुए सीजन 2020–21 के मुआवजे के रूप में 50 प्रतिशत अतिरिक्त मैच शुल्क मिलेगा। कोरोनावायरस महामारी की वजह से पिछले साल रणजी ट्रॉफी का आयोजन नहीं हुआ था।

## न्यूज डायरी



### चयनकर्ता का चप्पल से पिटते हुए वीडियो वायरल, कहा– ये घर का मामला है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) की अंडर–19 टीम के चयनकर्ता प्रदीप चावला का एक वीडियो वायरल हुआ है। इस वीडियो में एक महिला उनकी चप्पल से पिटाई कर रही है। प्रदीप के हाथ मे छोटा डंडा है, जिसे महिला पकड़कर खुद को बचा रही है और साथ में चयनकर्ता पर चप्पलों की बरसात भी कर रही है। पीछे से दूसरी महिला खूब गुस्से में बड़बड़ा रही है और प्रदीप को भला बुरा भी कह रही है।

वीडियो किसी घर के अंदर का है। दिल्ली क्रिकेट में रविवार को यह वीडियो जमकर वायरल हुआ। दैनिक जागरण के पास जब यह वीडियो पहुंचा तो असलियत जानने के लिए प्रदीप को फोन किया गया। जब प्रदीप ने फोन नहीं उठाया तो उनको वाट्सएप मैसेज भेजा गया। उनसे पूछा गया कि इस पर आपका क्या कहना तो उन्होंने कहा कि यह मेरा पारिवारिक मामला है, आपको कोई समस्या? उनसे जब यह पूछा गया कि क्या ये आपकी पत्नी हैं तो उन्होंने हां में जवाब दिया।

### आईपीएल 2021 की अंकतालिका में बड़ा बदलाव, फिर से नंबर वन बनी ये टीम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दुबई के मैदान पर मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच रविवार को दमदार मुकाबला खेला गया। इस मैच के बाद आइपीएल के 14वें सीजन की अंकतालिका में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। एमएस धौनी की कप्तानी वाली टीम चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 20 रन से हरा दिया। इस हार से मुंबई की पोजिशन पर कोई फर्क नहीं पड़ा है, लेकिन चेन्नई को काफी फायदा हुआ, क्योंकि चेन्नई सुपर किंग्स फिर से आइपीएल 2021 की अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंचने में सफल हुई है। बता दें कि आइपीएल 2021 की शुरुआत से ही चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच नंबर एक और नंबर दो की रेस लगी हुई है। कभी दिल्ली कैपिटल्स तो कभी चेन्नई सुपर किंग्स अंकतालिका में पहला और दूसरा स्थान हासिल करती रही हैं। टीम को अभी भी 6 मैच और खेलने हैं।

### चोटिल हुए चेन्नई सुपर किंग्स के इस खिलाड़ी की रिपोर्ट आई सामने

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मैच के साथ इंडियन प्रीमियर लीग यानी आइपीएल के 14वें सीजन के दूसरे भाग की शुरुआत हो गई। जिस तरह की शुरुआत क्रिकेट फैंस और स्टेडियम में मौजूद दर्शक चाहते थे, वैसा नहीं हो सका। पहले तो चोटिल के कारण रोहित शर्मा और हार्दिक पांड्या खेलने नहीं उतरे। दूसरा ये कि चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान एमएस धौनी समेत कई दिग्गज खिलाड़ी नहीं चल सके। यहां तक कि अंबाती रायुडू को चोट के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा और वे तीन गेंद खेलने के बाद बल्लेबाजी के लिए नहीं उतर सके। दरअसल, चेन्नई सुपर किंग्स की बल्लेबाजी के दौरान दूसरे ओवर की आखिरी गेंद अंबाती रायुडू के बाएं हाथ की कोहनी के आस–पास लगी। रायुडू एडम मिल्ने की गेंद को छोड़ने की सोच रहे थे, क्योंकि उनको अंदाजा था कि गेंद बाउंस करेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और अंबाती रायुडू झुके, लेकिन गेंद उनके सिर के ऊपर से नहीं गई।

### चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस को किस वजह से मिली हार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। मुंबई इंडियंस के नियमित कप्तान रोहित शर्मा पूरी तरह से फिट नहीं थे। ऐसे में स्टेंड इन कैप्टन के रूप में किरोन पोलार्ड ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुंबई की टीम की कप्तानी की, लेकिन टीम को हार मिली। इस हार के बाद किरोन पोलार्ड ने कहा है कि टीम इस मुकाबले में बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी। इस वजह से टीम को हार का सामना करना पड़ा। आइपीएल 2021 के दूसरे चरण के पहले मुकाबले में मुंबई को चेन्नई के हाथों 20 रन से हार मिली। शुरुआत में तीन विकेट गंवाना हमारे लिए खतरनाक साबित हुआ।